कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक,गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)
जलेब चौक,जयपुर।

ई–मेल : **psa.hgcd.rj@nic.in** फोन नम्बर 0141–2612593
Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

कमांकः– प.37 (1819) गृरमु/पीएसएएल/2020/9845-47 दिनाकः– 11 SEP 2020

<u>कार्यालय आदेश</u>

मैसर्स–CONT 2 ENTERPRISES LLP लाईसेन्स संख्या 1597/HG HQ (S-Cell)/2018 दिनांक 20.03.2018 वैद्यता दिनांक 19.03.2023 (निजी सुरक्षा अभिकरण एवं निजी सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान) का इस कार्यालय के पत्रांक 3228–29 दिनांक 11.02.2020 द्वारा प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम–2005 की धारा 16 के तहत वर्ष 2019–20 का वार्षिक निरीक्षण करवाने पर उक्त निजी सुरक्षा अभिकरण एवं निजी सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का दर्जशुदा पते पर कार्यालय तथा प्रशिक्षण संस्थान संचालित होना नही पाया गया। उक्त अभिकरण द्वारा प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 13(1)(ग) एवं राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (विनियमन) 2006 के प्रावधानो का स्पष्ट उल्लघंन करने के कारण उक्त लाईसेन्स को पसारा एक्ट 2005 की धारा 13(2) के तहत इस कार्यालय के आदेश कमांक 4186–87 दिनांक 04.03.2020 के द्वारा तुरन्त प्रभाव से निलम्बित किया गया एवं अनुज्ञाधारक रानी बाई को पत्र कमांक 4188 दिनों 04.03.2020 के द्वारा कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया।

कारण पृच्छा नोटिस के जवाब में आपके द्वारा संवादहीनता की वजह से प्रशिक्षण संस्थान व अभिकरण का कार्यालय निरीक्षण के दौरान बन्द होने के कारण पुनः निरीक्षण का आग्रह किया जिसे स्वीकार कर आपके प्रशिक्षण संस्थान व अभिकरण का पुनः निरीक्षण करवाया गया। पुनः निरीक्षण के दौरान भी आपका निजि सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान एन.एस.क्यू.एफ. द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय व्यवसायिक मानक के अनुसार संचालित होना नहीं पाया गया व निजि सुरक्षा अभिकरण के संचालन में भी पसार एक्ट की धारा 09 एवं 10 तथा राजस्थान प्राईवेट सुरक्षा एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के नियम 06(03) के प्रावधानों का उल्लघंन पाया गया। उपरोक्त के प्रकाश में आपके प्रशिक्षण संस्थान से सम्बन्धित सभी गतिविधियां पुनः एक माह के लिये निलम्बित की जाती है एवं निजि सुरक्षा अभिकरण की गतिविधियों को बहाल करते हुये यह सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अभिकरण एवं प्रशिक्षण संस्थान में पाई गई सभी अनियमितताओं को दूर कर इस कार्यालय को सूचित करें।

(राजीव दासोत IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा)
राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं पालनार्थः–

1. रानी बाई पुत्री गुरू सरोज बाई कार्यालय पता प्रथम तल, कुम्भज चेम्बर, नियर मुमताज मार्केट, किशनगढ, जिला–अजमेर एवं प्रशिक्षण संस्थान पता भुवाजी फार्म हाउस, गांव–चौसला, तहसील–अराई, जिला–अजमेर।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर सूचना अपलोड करने बाबत्।

(राजीव दासोत IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा)
राजस्थान, जयपुर